# 2RSP3/II/2023

SET **A**

## पेपर II
## PAPER II

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No. 528473

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32
समय/Time : 2 घण्टे/Hours

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100
पूर्णांक/Total Marks : 200

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं – हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें ।
7. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।

### INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. प्रथम 20 विषम प्राकृतिक संख्याओं का योग क्या होगा ?

(A) 210

(B) 300

(C) 400

(D) 420

2. 1 से 100 के बीच कितनी ऐसी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक 4 से न केवल पूर्णतया विभाजित होती हैं, बल्कि उनमें 4 एक अंक के रूप में भी आता है ?

(A) 7

(B) 10

(C) 20

(D) 21

3. यदि दो संख्याओं का योग 9 है एवं उनके व्युत्क्रमों का योग $\frac{1}{2}$ है, तो वे संख्याएँ होंगी


(A) 1 एवं 8

(B) 2 एवं 7

(C) 6 एवं 3

(D) 4 एवं 5

4. निम्नांकित पाई-चार्ट में किसी परिवार के खर्च का ब्यौरा प्रदर्शित किया गया है । यदि भोजन पर कुल ₹ 4800 का व्यय होता हो, तो सभी मदों पर कुल कितने रुपए व्यय होते हैं ?




(A) ₹ 15,000

(B) ₹ 16,000

(C) ₹ 17,000

(D) ₹ 18,000

5. राम अपने वेतन का 65% खर्च करता है और प्रति मास ₹ 525 की बचत करता है । तो उसकी मासिक आय क्या है ?

(A) ₹ 1200

(B) ₹ 1500

(C) ₹ 1800

(D) ₹ 2100

1. What will be the sum of the first 20 odd natural numbers ?

(A) 210

(B) 300

(C) 400

(D) 420

2. How many such numbers are there between 1 and 100, each of which is not only completely divisible by 4 but also contains 4 as a digit ?

(A) 7

(B) 10

(C) 20

(D) 21

3. If the sum of two numbers is 9 and the sum of their reciprocals is $\frac{1}{2}$, then those numbers will be


(A) 1 and 8

(B) 2 and 7

(C) 6 and 3

(D) 4 and 5

4. The following pie-chart shows the expenditure details of a family. If the total expenditure on food is ₹ 4800, then how much is the total expenditure on all the items ?




(A) ₹ 15,000

(B) ₹ 16,000

(C) ₹ 17,000

(D) ₹ 18,000

5. Ram spends 65% of his salary and saves ₹ 525 per month. Then what is his monthly income ?

(A) ₹ 1200

(B) ₹ 1500

(C) ₹ 1800

(D) ₹ 2100

6. 4 क्रमागत सम संख्याओं का औसत 27 है । इन संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या होगी

(A) 32

(B) 36

(C) 30

(D) 28

7. A और B की वर्तमान आयु में 5 : 4 का अनुपात है । दो वर्ष पूर्व उनकी आयु में 4 : 3 का अनुपात था । A की वर्तमान आयु कितनी है ?

(A) 8 वर्ष

(B) 9 वर्ष

(C) 10 वर्ष

(D) 12 वर्ष

8. निम्नलिखित आँकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए :

36, 72, 49, 45, 60, 33, 52, 61 और 72

(A) 52

(B) 60

(C) 49

(D) 61

9. निम्नलिखित को उनके परिमाण के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. $\frac{5}{7}$

2. $\frac{3}{4}$

3. $\frac{5}{6}$

4. $\frac{8}{9}$

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 4, 3, 1

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 4, 1, 2

10. $\dfrac{4{\cdot}359 \times 4{\cdot}359 - 1{\cdot}641 \times 1{\cdot}641}{4{\cdot}359 - 1{\cdot}641}$ का मान है ?

(A) 6·3

(B) 6·0

(C) 5·0

(D) 7·3

6. The average of 4 consecutive even numbers is 27. The largest of these numbers will be

(A) 32

(B) 36

(C) 30

(D) 28

7. The present ages of A and B are in the ratio 5 : 4. Two years ago the ratio of their ages was 4 : 3. What is the present age of A ?

(A) 8 years

(B) 9 years

(C) 10 years

(D) 12 years

8. Find the median from the following data :

36, 72, 49, 45, 60, 33, 52, 61 and 72

(A) 52

(B) 60

(C) 49

(D) 61

9. Arrange the following in descending order of their magnitude :

1. $\frac{5}{7}$

2. $\frac{3}{4}$

3. $\frac{5}{6}$

4. $\frac{8}{9}$

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 4, 3, 1

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 4, 1, 2

10. The value of $\frac{4{\cdot}359 \times 4{\cdot}359 - 1{\cdot}641 \times 1{\cdot}641}{4{\cdot}359 - 1{\cdot}641}$ is :

(A) 6·3

(B) 6·0

(C) 5·0

(D) 7·3

11. यदि सड़क के बीच में होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या, सड़क के किनारे होने वाली दुर्घटनाओं से कहीं अधिक है, तो

(A) नागरिकों को जागरूक करें एवं गति अवरोधक बनाएँ ।

(B) सेलिब्रिटी कार्यक्रम आयोजित करें ।

(C) अनुमान लगाएँ कि सड़क के बीच में चलना अधिक सुरक्षित है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. किसी कार्यक्रम को स्थगित करना एक प्रशासनिक तरीका है

(A) बेहतर तैयारी के लिए समय निकालने का

(B) जनता को सबक सिखाने का

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. यदि 'कोई S, P नहीं हैं' एक ग़लत कथन है, तो इनमें से कौन-सा कथन आवश्यक रूप से सत्य है ?

(A) सभी S, P हैं

(B) कुछ S, P हैं

(C) कुछ S, P नहीं हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. यदि आपको लगता है कि प्रश्न-पत्र बहुत कठिन है और पाठ्यक्रम से बाहर का लगता है, तो आप पहले क्या करेंगे ?

(A) परीक्षक को बताएँगे कि प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर के हैं

(B) दूसरों से नकल करेंगे

(C) परीक्षा सदन से बाहर चले जाएँगे

(D) यथासंभव प्रश्नों को हल करने का प्रयास करेंगे

11. If the number of accidents occurring in the middle of the road is much more than the accidents occurring on the side of the road, then

(A) Make the citizens aware and construct speed breakers

(B) Organize celebrity events

(C) Infer that walking in the middle of the road is safer

(D) None of the above

12. Postponement of an event is an administrative way of

(A) Taking time for better preparation

(B) Teaching a lesson to the populace

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

13. If 'No S is P' is a false statement, then which of these statements is necessarily true ?

(A) All S is P

(B) Some S is P

(C) Some S is not P

(D) None of the above

14. If you find that the question paper is too difficult and seems to be out of the syllabus, what will you do first ?

(A) Tell the examiner that questions are out of course

(B) Copy from others

(C) Walk out of the examination hall

(D) Try to solve the questions as much as possible

**15.** इस शृंखला में अगली संख्या होगी

71, 73, 79, 83, 89, ?

(A) 96

(B) 97

(C) 98

(D) 99

**16.** यदि कोई दुकान 30% छूट देती है, फिर 20% और छूट देती है, तो कुल छूट होगी

(A) 50%

(B) 42%

(C) 44%

(D) 56%

**17.** यदि शहर P और शहर Q के बीच की दूरी x कि.मी. है और शहर Q और शहर R के बीच की दूरी y कि.मी. है, तो शहर P और शहर R के बीच की दूरी है

(A) x + y

(B) x + y से अधिक

(C) x + y से कम या बराबर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** यदि 24 जुलाई, 1979 को मंगलवार है तो निम्नलिखित में से कौन-सी तिथि मंगलवार है ?

(A) 21 जुलाई, 1980

(B) 22 जुलाई, 1980

(C) 23 जुलाई, 1980

(D) 24 जुलाई, 1980

**19.** यदि दो गायों को एक ही खंभे से बाँधा जाता है और रस्सियों की लंबाई P और Q हैं, जहाँ P, Q से अधिक है, तो दोनों गायों द्वारा चरा गया कुल क्षेत्रफल ______ होगा ।

(A) $\pi P^2$

(B) $\pi Q^2$

(C) $\pi P^2 + \pi Q^2$

(D) $\pi P^2 - \pi Q^2$

**20.** निर्णय लेना एक ________ प्रक्रिया है ।

(A) संज्ञानात्मक

(B) सतही

(C) यादृच्छिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. The next number in this series will be

71, 73, 79, 83, 89, ?

(A) 96

(B) 97

(C) 98

(D) 99

16. If a shop gives 30% discount and then provides another 20% discount, then the total discount will be

(A) 50%

(B) 42%

(C) 44%

(D) 56%

17. If the distance between city P and city Q is x km and the distance between city Q and city R is y km, then the distance between city P and city R is

(A) x + y

(B) greater than x + y

(C) less than or equal to x + y

(D) None of the above

18. If 24th July, 1979 is a Tuesday, then which of the following days is a Tuesday ?

(A) 21st July, 1980

(B) 22nd July, 1980

(C) 23rd July, 1980

(D) 24th July, 1980

19. If two cows are tied to a common pole and the length of the ropes are P and Q, where P is greater than Q, then the total area grazed by both the cows will be ________ .

(A) $\pi P^2$

(B) $\pi Q^2$

(C) $\pi P^2 + \pi Q^2$

(D) $\pi P^2 - \pi Q^2$

20. Decision-making is a ________ process.

(A) Cognitive

(B) Superficial

(C) Random

(D) None of the above

21. कुछ नाम दिए गए हैं, जिनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी समान विशेषता रखते हैं । बेमेल का चयन कीजिए ।

(A) आइसलैंड

(B) माल्टा

(C) जापान

(D) बेलारूस

22. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 34687 को 43778 लिखा जाता है, तो 47592 को उसी सांकेतिक भाषा में किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(A) 56683

(B) 55683

(C) 55738

(D) 56873

23. यदि 'पुरुष' को 'महिला' कहा जाए, 'महिला' को 'लड़का' कहा जाए, 'लड़का' को 'लड़की' कहा जाए, 'लड़की' को 'पायलट' कहा जाए और 'पायलट' को 'बच्चा' कहा जाए, तो हवाई जहाज़ कौन उड़ाएगा ?

(A) पायलट

(B) लड़की

(C) बच्चा

(D) पुरुष

24. निम्नलिखित सादृश्यता के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए ।

पूर्वकथन : भविष्य : : अपराध बोध : ?

(A) वर्तमान

(B) बुरे कर्म

(C) अतीत

(D) पछताना

25. यदि 30 जनवरी, 2023 को सोमवार था, तो 2 मार्च, 2023 को कौन-सा दिन था ?

(A) रविवार

(B) गुरुवार

(C) बुधवार

(D) मंगलवार

26. मनोज 59 विद्यार्थियों की कक्षा में सत्रहवें स्थान पर है । अंत से उसका स्थान क्या होगा ?

(A) 17

(B) 18


(C) 42

(D) 43

27. उस आरेख का चयन कीजिए जो दिए गए वर्गों के संबंध का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करता है :

अभियंता, लेखाकार, पेशेवर

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

21. Few names are given that share a common feature, except one. Choose the odd one out.

(A) Iceland

(B) Malta

(C) Japan

(D) Belarus

22. If in a code language, 34687 is written as 43778, how will 47592 be written in that code language ?

(A) 56683

(B) 55683

(C) 55738

(D) 56873

23. If 'man' is called 'woman', 'woman' is called 'boy', 'boy' is called 'girl', 'girl' is called 'pilot' and 'pilot' is called 'child', then who will fly the aeroplane ?

(A) Pilot

(B) Girl

(C) Child

(D) Man

24. On the basis of the following analogy, choose the correct option.

Prediction : Future : : Guilt : ?

(A) Present

(B) Misdeed

(C) Past

(D) Repent

25. If $30^{th}$ January, 2023 was Monday, then what was the day on $2^{nd}$ March, 2023 ?

(A) Sunday

(B) Thursday

(C) Wednesday

(D) Tuesday

26. Manoj ranks seventeenth in a class of 59 students. What is his rank from the last ?

(A) 17

(B) 18


(C) 42

(D) 43

27. Choose the diagram that best represents the relationship among the given classes :

Engineers, Accountants, Professionals

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

28. निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द "Educational" शब्द के अक्षरों का उपयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता है ?

(A) LION

(B) NATIONAL

(C) DEAN

(D) NEAT

29. यदि आप 1 से 100 तक की सभी संख्याएँ लिखते हैं, तो कितनी बार 7 लिखेंगे ?

(A) 20

(B) 21

(C) 22

(D) 19

30. "बर्लिन" का सम्बन्ध "जर्मनी" से है, उसी तरह "जकार्ता" का सम्बन्ध ________ से है ।

(A) यू.के.

(B) फ्रांस

(C) इन्डोनेशिया

(D) मलेशिया

31. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा संचार में आने वाली बाधा को दर्शाता है ?

(A) उदासीनता

(B) स्पष्ट संदेश

(C) भ्रम की कमी

(D) शारीरिक आराम

32. साक्षात्कार क्या है ?

(A) तथ्य विश्लेषण

(B) निरीक्षण

(C) सम्प्रेषण

(D) आमने-सामने का वार्तालाप

33. "संचार का तात्पर्य अर्थ के स्थानान्तरण एवं समझ से है ।" यह परिभाषा किसने दी ?

(A) रोबिन्स

(B) स्टीवर्ट

(C) टेलर

(D) मैकग्रेगर

28. Which one of the following words ***cannot*** be formed by using the letters of the word "Educational" ?

(A) LION

(B) NATIONAL

(C) DEAN

(D) NEAT

29. If you write down all the numbers from 1 to 100, then how many times do you write 7 ?

(A) 20

(B) 21

(C) 22

(D) 19

30. "Berlin" is related to "Germany" in the same way as "Jakarta" is related to

(A) UK

(B) France

(C) Indonesia

(D) Malaysia

31. From the options listed below, identify the barrier in communication.

(A) Disinterest

(B) Clear message

(C) Lack of confusion

(D) Physical comfort

32. What does an interview imply ?

(A) Data analysis

(B) Observation

(C) Communication

(D) Face-to-face conversation

33. "Communication is the transference and understanding of meaning." Who gave this definition ?

(A) Robbins

(B) Stewart

(C) Taylor

(D) McGregor

**34.** ब्रेन-स्टॉर्मिंग में प्रशिक्षण

(A) सृजनात्मक समस्या समाधान घटाता है ।

(B) बुद्धि बढ़ाता है ।

(C) सृजनात्मकता निष्प्रभावी करता है ।

(D) बुद्धि घटाता है ।

**35.** नीचे दिए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प संचार/सम्प्रेषण से जुड़ा कौशल *नहीं* है ?

(A) सक्रिय सुनना

(B) परानुभूति

(C) जटिलता

(D) खुली शारीरिक भाषा

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भावनात्मक बुद्धिमत्ता का अंग *नहीं* है ?

(A) आत्म-जागरूकता

(B) स्व-प्रेरणा

(C) संघर्ष प्रतिनिधित्व

(D) सामाजिक कौशल

**37.** समस्या समाधान क्या है ?

(A) समस्या की पहचान करने, समस्या का कारण समझने और समाधानों का विश्लेषण कर सर्वोत्तम समाधान लागू करने की क्षमता ।

(B) कई पीढ़ियों से संचित समुदाय के पारम्परिक ज्ञान का वर्णन करने की क्षमता ।

(C) दो पक्षों को उनके मतभेदों को हल करने में सहायता करने की क्षमता ।

(D) पुस्तकें पढ़ने और किसी भी मुद्दे के बारे में व्यापक एवं विस्तृत जानकारी प्रदान करने की क्षमता ।

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सोशल नेटवर्किंग से संबंधित *नहीं* है ?

(A) थ्रेडस

(B) लिंक्डइन

(C) इंस्टाग्राम

(D) ई-बे

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संघर्ष-प्रक्रिया का अंग *नहीं* है ?

(A) संभाव्य विरोध या असंगति

(B) प्रयोजन

(C) प्रेरणा

(D) व्यवहार

**40.** किस विद्वान ने कहा है कि संचार में अशाब्दिक तत्त्वों का महत्त्व अधिक होता है ?

(A) बंडूरा

(B) मेहराबियन

(C) एल्सवर्थ

(D) कार्ल युंग

34. Training in Brainstorming signifies

(A) Decrease in creative problem solving

(B) Increase in intelligence

(C) Neutralising of creativity

(D) Decrease in intelligence

35. From the options listed below, identify which one is ***not*** a communication skill.

(A) Active listening

(B) Empathy

(C) Complexity

(D) Open body language

36. Which one of the following is ***not*** a component of Emotional Intelligence ?

(A) Self-awareness

(B) Self-motivation

(C) Conflict representation

(D) Social skills

37. What is Problem solving ?

(A) The ability to identify the problem, cause of the problem, analyse solutions and implement the best solution.

(B) The ability to describe the traditional knowledge of communities accumulated over several generations.

(C) The ability to help two parties to resolve their differences.

(D) The ability to read books and give/provide comprehensive and detailed information about an issue.

38. Which of the following is ***not*** related with Social Networking ?

(A) Threads

(B) LinkedIn

(C) Instagram

(D) eBay

39. Which one of the following options is ***not*** a part of conflict process ?

(A) Potential opposition or incompatibility

(B) Intentions

(C) Motivation

(D) Behaviour

40. Which thinker said, "Non-verbal elements are more important in communication" ?

(A) Bandura

(B) Mehrabian

(C) Ellsworth

(D) Carl Jung

*प्रश्न सं. 41 – 45 (अवतरण–1 पर आधारित)*

**अवतरण–1**

तनाव शारीरिक रोगों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह और यहाँ तक कि कैंसर भी उच्च तनाव से संबद्ध हैं । अत:, तनाव प्रबंधन की तकनीकों को जानना बहुत आवश्यक है ।

विश्रांति की तकनीक एक महत्त्वपूर्ण कौशल है, जो तनाव के लक्षणों को कम करता है । यह मन को शांति तथा शरीर को आराम देता है । इस तकनीक में गहन श्वसन का उपयोग किया जाता है । योग की ध्यान लगाने की प्रक्रिया में सीखी हुई तकनीकों की एक शृंखला है जिससे ध्यान को पुन: केन्द्रित कर चेतना की परिवर्तित स्थिति को प्राप्त किया जा सके । जैव-प्रतिप्राप्ति वह प्रक्रिया है जिसमें तनाव के शारीरिक पक्षों की वर्तमान शारीरिक क्रियाओं की सूचना की प्रतिप्राप्ति (feedback) के आधार पर उनकी निगरानी एवं नियंत्रण करने के प्रति जागरूकता विकसित की जाती है ।

सर्जनात्मक मानस-प्रत्यक्षीकरण एक आत्मनिष्ठ अनुभव है जिसमें प्रतिमा तथा कल्पना का उपयोग किया जाता है । संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक तकनीक द्वारा व्यक्ति के नकारात्मक तथा अविवेकी विचारों के स्थान पर सकारात्मक एवं विवेकपूर्ण विचारों को प्रतिस्थापित किया जाता है ।

**41.** तनाव के शारीरिक पक्षों के प्रति जागरूकता विकसित करना क्या कहलाता है ?

(A) मानस-प्रत्यक्षीकरण

(B) अधिगम

(C) जैव-प्रतिप्राप्ति

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** आत्मनिष्ठ अनुभव जिसमें कल्पना का उपयोग होता है –

(A) संज्ञान

(B) व्यक्तिगत अनुभव

(C) संवेग

(D) सर्जनात्मक मानस-प्रत्यक्षीकरण

**43.** एक उपागम जिसमें अविवेकी विचारों को विवेकपूर्ण विचारों से प्रतिस्थापित किया जाता है, कहते हैं

(A) ध्यान

(B) संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक तकनीक

(C) सर्जनात्मक मानस-प्रत्यक्षीकरण

(D) उपर्युक्त सभी

**44.** मन को शांति प्रदान करने के लिए कौन-सी तकनीक का प्रयोग किया जाता है ?

(A) विश्रांति

(B) जैव-प्रतिप्राप्ति

(C) ध्यान

(D) साहस

**45.** निम्नलिखित में से किस तकनीक द्वारा ध्यान को पुन: केन्द्रित किया जाता है ?

(A) विश्रांति

(B) ध्यान

(C) व्यक्तित्व परिवर्तन

(D) उपर्युक्त सभी

***Questions No. 41 – 45 (Based on Passage–1)***

**Passage–1**

Stress plays a significant role in physical diseases. Hypertension, heart disease, diabetes and even cancer are linked to high level of stress. Therefore, knowing techniques to manage stress is very essential.

Relaxation technique is an important skill that reduces symptoms of stress. It calms the mind and relaxes the body. Deep breathing is used in this technique. The yogic method of meditation consists of a sequence of learned techniques for refocussing of attention that brings about an altered state of consciousness. The biofeedback is a procedure to develop awareness to monitor and reduce the physiological aspects of stress by providing feedback about current physiological activity.

Creative visualization is a subjective experience that uses imagery and imagination. Cognitive behavioural techniques are meant to replace negative and irrational thoughts with positive and rational ones.

**41.** Developing an awareness for the physiological responses is known as

(A) Visualization

(B) Learning

(C) Biofeedback

(D) None of the above

**42.** Subjective experience that uses imagery is

(A) Cognition

(B) Personal experience

(C) Emotion

(D) Creative visualization

**43.** The approach to replace irrational thoughts with rational ones is called

(A) Meditation

(B) Cognitive behavioural technique

(C) Creative visualization

(D) All of the above

**44.** Which technique is used to calm the mind ?

(A) Relaxation technique

(B) Biofeedback

(C) Meditation

(D) Courage

**45.** Refocussing of attention could be done by which of the following techniques ?

(A) Relaxation

(B) Meditation

(C) Change in personality

(D) All of the above

*प्रश्न सं. 46 – 50 (अवतरण–2 पर आधारित)*

**अवतरण–2**

सभी चुनौतियाँ, समस्याएँ तथा कठिन परिस्थितियाँ हमें तनाव में डालती हैं । अत: यदि तनाव का ठीक से प्रबंधन किया जाए, तो वह व्यक्ति की जीवित रहने की संभावना में वृद्धि करता है । तनाव ऊर्जा प्रदान करतें हैं, मानव भाव-प्रबोधन में वृद्धि करते हैं तथा निष्पादन को प्रभावित करते हैं । उच्च तनाव अप्रीतिकर प्रभाव उत्पन्न कर सकता है और हमारे निष्पादन को खराब कर सकता है । इसके विपरीत, बहुत कम तनाव के कारण व्यक्ति निम्न-स्तर की अभिप्रेरणा का अनुभव कर सकता है, जिसके कारण हम धीमी गति से तथा कम दक्षतापूर्ण निष्पादन कर पाते हैं । यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि प्रत्येक तनाव खराब नहीं होता । तनाव का वह स्तर जो व्यक्ति के लिए लाभप्रद है तथा उच्चतम निष्पादन स्तर की उपलब्धि के लिए व्यक्ति के सर्वोत्तम गुणों में से एक है, को वर्णित करने के लिए 'यूस्ट्रेस' शब्द का उपयोग किया जाता है । तथापि, यूस्ट्रेस के व्यथा (distress) में परिवर्तित हो जाने की संभावना रहती है । तनाव की यह बाद वाली अभिव्यक्ति ही हमारे शरीर के जीर्ण-शीर्ण होने का कारण होती है ।

**46.** बहुत उच्च स्तर का तनाव हमें अग्रसर करता है

(A) उच्च निष्पादन की ओर

(B) निम्न निष्पादन की ओर

(C) सुखद प्रभाव की ओर

(D) उपर्युक्त सभी

**47.** तनाव, निम्नलिखित में से किसके द्वारा उत्पन्न *नहीं* होता है ?

(A) चुनौतियाँ

(B) समस्याएँ

(C) कठिन परिस्थितियाँ

(D) संसाधनों

**48.** यूस्ट्रेस है

(A) कभी-कभी अच्छा

(B) खराब

(C) हमेशा अच्छा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक हमारे शरीर को जीर्ण-शीर्ण करता है ?

(A) यूस्ट्रेस

(B) व्यथा (distress)

(C) सामान्य प्रभाव

(D) यूस्ट्रेस तथा व्यथा दोनों

**50.** थोड़ा तनाव कारण बन सकता है

(A) निम्न अभिप्रेरणा का

(B) उच्च अभिप्रेरणा का

(C) अभिप्रेरणा पर कोई प्रभाव नहीं

(D) अभिप्रेरणा पर निम्न और उच्च दोनों ही प्रभाव

*Questions No. 46 – 50 (Based on Passage–2)*

## Passage–2

All the challenges, problems and difficult circumstances put us to stress. Thus, if handled properly, stress increases the probability of one's survival. Stress gives energy, increases human arousal and affects performance. High stress can produce unpleasant effects and cause our performance to deteriorate. Conversely, too little stress may cause one to feel low on motivation, which may lead us to perform slowly and less efficiently. It is important to remember that not all stress is inherently bad. 'Eustress' is the term used to describe the level of stress that is good and is one of a person's best assets for achieving peak performance. Eustress, however, has the potential of turning into 'distress'. It is this latter manifestation of stress that causes our body's wear and tear.

**46.** Too high level of stress leads to

(A) High performance

(B) Low performance

(C) Pleasant effect

(D) All of the above

**47.** Stress is ***not*** generated by which one of the following ?

(A) Challenges

(B) Problems

(C) Difficult circumstances

(D) Resources

**48.** Eustress is

(A) Sometimes good

(B) Bad

(C) Always good

(D) None of the above

**49.** Which of the following causes wear and tear in our body ?

(A) Eustress

(B) Distress

(C) Normal Effect

(D) Both – Distress and Eustress

**50.** Little stress may cause

(A) Low motivation

(B) High motivation

(C) No effect on motivation

(D) Both high and low effect on motivation

51. यदि '+' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×' और '×' का अर्थ '+' हो तो

$12 + 6 + 3 - 2 \times 8 = ?$

(A) $8\frac{1}{3}$

(B) $9\frac{1}{3}$


(C) $9\frac{1}{4}$

(D) $9\frac{1}{2}$

52. निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति मेज़ों, कुर्सियों और फर्नीचर के बीच सम्बन्ध दर्शाती है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

53. X और Y दो भाई हैं । B, A का भाई है और A, X की माँ है । B का Y से क्या संबंध है ?

(A) मामा

(B) माता

(C) भाई

(D) पिता

54. 'अदालत' जिस प्रकार सम्बन्धित है 'न्याय' से, उसी प्रकार 'विद्यालय' निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) कक्षा

(B) छात्र

(C) अध्यापक

(D) शिक्षा

55. नीचे दिए गए विकल्पों में से विषम चुनिए ।

(A) वायुयान

(B) पक्षी

(C) टैंकर

(D) हवाई छतरी

**51.** If '+' means '÷', '÷' means '–', '–' means '×' and '×' means '+' then

$12 + 6 + 3 - 2 \times 8 = ?$


(A) $8\frac{1}{3}$


(B) $9\frac{1}{3}$


(C) $9\frac{1}{4}$

(D) $9\frac{1}{2}$

**52.** Which of the following figures shows the relationship between tables, chairs and furniture ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**53.** X and Y are two brothers. B is the brother of A and A is the mother of X. How is B related to Y ?

(A) Maternal uncle

(B) Mother

(C) Brother

(D) Father

**54.** Just as 'Court' is related to 'Justice', in the same way 'School' is related to which of the following ?

(A) Class

(B) Student

(C) Teacher

(D) Education

**55.** Select the odd one out from the options given below.

(A) Aeroplane

(B) Bird

(C) Tanker

(D) Aerial umbrella

**56.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित समानता वाला शब्द चुनिए ।

कमरा : फर्श : : नदी : ?

(A) तल

(B) मछली

(C) व्हेल

(D) पानी

**57.** शृंखला के लुप्त अक्षर को चुनिए

ABC, GHI, MNO, ?

(A) RST

(B) STU

(C) PQR

(D) QRS

**58.** यदि किसी महीने के तीसरे शुक्रवार को 16 तारीख है, तो उसी महीने के चौथे मंगलवार को कौन-सी तारीख होगी ?

(A) 25

(B) 26

(C) 27

(D) 28

**59.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

12, 21, 23, 32, 34, ?


(A) 43

(B) 37

(C) 36

(D) 42

**60.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(A) 8

(B) 24

(C) 30

(D) 32

56. Choose the word with related similarity from the given options.

Room : Floor : : River : __?__

(A) Bottom

(B) Fish

(C) Whale

(D) Water

57. Choose the missing letters of the series

ABC, GHI, MNO, __?__

(A) RST

(B) STU

(C) PQR

(D) QRS

58. If 16$^{th}$ is on the third Friday of a month, then which date will fall on the fourth Tuesday of the same month ?

(A) 25

(B) 26

(C) 27

(D) 28

59. Find the missing number :

12, 21, 23, 32, 34, ?


(A) 43

(B) 37

(C) 36

(D) 42

60. Find the missing number :




(A) 8

(B) 24

(C) 30

(D) 32

61. निम्नलिखित में से बेमेल शब्द युग्म छाँटिए :

(A) तरणी – नाव

(B) निर्झर – झरना

(C) गृह – नक्षत्र

(D) तड़ाग – तालाब

62. बेमेल विलोमार्थक युग्म चुनिए :

(A) अन्तरंग – बहिरंग

(B) अग्रिम – अधिक

(C) अधम – महान

(D) अथ – इति

63. 'उन्मीलन' शब्द का विलोमार्थक शब्द है :

(A) समीलन

(B) विनत

(C) निमीलन

(D) निम्न

64. 'इष्ट' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है :

(A) अनीश

(B) अनिष्ट

(C) इश

(D) ईश

65. निम्नलिखित में से सही शब्द युग्म छाँटिए :

(A) तरि – नाव

(B) द्वीप – हाथी

(C) द्रव – धन

(D) दैव – देवता

66. 'अनेकार्थक' शब्द किसे कहते हैं ?

(A) जिसके अनेक शब्द हों

(B) जब एक शब्द से अनेक अर्थ निकलें

(C) जिसका एक अर्थ हो

(D) इनमें से कोई नहीं

67. 'आनन्द' का पर्यायवाची होगा :

(A) रसाल

(B) विभूषण

(C) उल्लास

(D) लालसा

68. 'कपड़ा' का पर्यायवाची ***नहीं*** है :

(A) पुण्डरीक

(B) अम्बर

(C) पट

(D) वसन

69. 'अजर' का तात्पर्य है :

(A) जो जर-जर हो ।

(B) जो झरता हो ।

(C) जो बूढ़ा न हो ।

(D) जो कुछ भी न हो ।

70. 'एक भाषा की लिखी हुई बात को दूसरी भाषा में लिखने पर' क्या कहलाता है ?

(A) सर्जनात्मक साहित्य

(B) आलोचना

(C) अनुवाद

(D) पाठालोचन

71. कौन-सा सही शब्द युग्म है ?

(A) प्रसाद – घर

(B) परिहार – प्रहार

(C) प्रासाद – महल

(D) गुर – शिक्षक

72. 'पक्ष' का अनेकार्थक शब्द ***नहीं*** होगा :

(A) पंख

(B) अंग

(C) पखवाड़ा

(D) दिन

73. निम्नलिखित में से सही वाक्य छाँटिए :

(A) तुम, वह और मैं चलूँगा ।

(B) तालाब में छोटा-सा मंदिर है ।

(C) देरी गत करना ।

(D) तुम, मैं और वह चलेगा ।

74. ग़लत शब्द युग्म है :

(A) नियत – निश्चित

(B) परुष – आदमी

(C) प्रणय – प्रेम

(D) लक्ष – लाख

75. 'अंकुर' शब्द का अनेकार्थक शब्द होगा :

(A) डाभ

(B) आँख

(C) मुख्य

(D) परिच्छेद

76. 'चोर' शब्द का पर्यायवाची ***नहीं*** है :

(A) कुंभिल

(B) खनक

(C) छल

(D) दस्यु

77. 'वह स्त्री जिसका पति दूसरा विवाह कर ले' उसे कहते हैं :

(A) विधवा

(B) सधवा

(C) अध्यूढ़ा

(D) अनन्य

78. सही विलोमार्थक युग्म चुनिए :

(A) अथ – न्यूनतम

(B) गणतंत्र – राजतंत्र

(C) अधम – सुगम

(D) अनुरक्ति – अनुराग

79. 'उदार' शब्द का विलोम होगा :

(A) संकीर्ण

(B) अनुराग

(C) अनेक

(D) अपकार

80. 'ग्रंथ' शब्द का पर्यायवाची है :

(A) पोथी

(B) राशि

(C) पंथ

(D) पय

*निर्देश (प्रश्न संख्या 81 से 85) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–1**

अगर लोक-साहित्य की ज़रूरत हो तो वह विद्यालय के अध्यापक या कॉलेज के प्राध्यापक के पास नहीं मिलेगा, किसी राजकीय कर्मचारी के पास या विलायत या अमेरिका से खेती-बाड़ी का प्रशिक्षण लेकर आने वाले किसान के पास नहीं मिलेगा । लोक साहित्य तो रहता है चड़स हाँकने वाले किसान के पास या खेतों में भाथा लेकर जाने वाली भथवारी के पास । या तो वह रहता है पनघट जाने वाली पनिहारिन के घड़े में या फिर रहता है किसी ईंधन बटोरने वाली बुढ़िया के पास । लोक साहित्य रहता है सोनी या लुहार के पास या फिर रहता है कुम्हार के चाक में । कभी वह तम्बूरे की रणकार में रहता है, तो कभी चूड़ियों की झनकार में रहता है । भाट-चारण और पुराने जोगी-जती लोक-साहित्य के ज्ञाता होते हैं । कई बार तो वह रहता है माताजी को अर्पित नर-नारियों के पास, तो काफी-कुछ रहता है ग्वालों की जीभ पर । लोक-साहित्य की शोध करनी हो तो शहर छोड़कर गाँवों में जाना पड़ेगा या गाँव छोड़कर सिवान में जाना पड़ेगा ।

**81.** ग्वालों के किस अंग पर लोक साहित्य निवास करता है ?

(A) कान पर

(B) जीभ पर

(C) पैर पर

(D) आँख पर

**82.** लोक-साहित्य के ज्ञाता होते हैं

(A) विद्यालय के प्राध्यापक

(B) कॉलेज के प्राध्यापक

(C) राजकीय कर्मचारी

(D) भाट-चारण और पुराने जोगी-जती

**83.** लोक-साहित्य कहाँ रहता है ?

(A) चड़स हाँकने वाले किसान के पास

(B) विद्यालय के अध्यापक के पास

(C) अमेरिका से प्रशिक्षण प्राप्त किसान के पास

(D) राजकीय कर्मचारी के पास

**84.** लोक-साहित्य की ज़रूरत पड़ने पर कहाँ जाना होगा ?

(A) विलायत

(B) शहर

(C) विश्वविद्यालय

(D) गाँव

**85.** 'तम्बूरा' क्या है ?

(A) लोक वाद्य

(B) लोक नृत्य

(C) लोक नाट्य

(D) लोक गीत

*निर्देश (प्रश्न संख्या 86 से 90) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–2**

सफलता के द्वार के ताले बिना परिश्रम की कुंजी के नहीं खुलते । जीवन की सफलता का रहस्य परिश्रम है । परिश्रम करने वाला व्यक्ति कर्मवीर कहा जाता है । ऐसा व्यक्ति किसी बाधा से विचलित नहीं होता । वैज्ञानिक आविष्कारों के पीछे केवल परिश्रम है । यहाँ तक कि मधुमक्खी के परिश्रम का उदाहरण देखा जा सकता है जो फूलों के रस की एक-एक बूँद एकत्र कर शहद का छत्ता तैयार करती है । ऊपर की ओर चढ़ती चींटी जो न जाने कितनी बार गिरती है, पुन: श्रम कर आगे बढ़ती है ।

**86.** परिश्रम करने वाले को क्या कहते हैं ?

(A) धर्मवीर

(B) युद्धवीर

(C) कर्मवीर

(D) अग्निवीर

**87.** जीवन में सफलता किस चीज से मिलती है ?

(A) परिश्रम

(B) बलिदान

(C) बुद्धि

(D) चालाकी

**88.** इस गद्यांश का उचित शीर्षक होगा :

(A) चींटी का श्रम

(B) मधुमक्खी का परिश्रम

(C) त्याग एवं बलिदान

(D) परिश्रम : सफलता की कुंजी

**89.** मधुमक्खी किस तरह शहद तैयार करती है ?

(A) हर फूल से सुगंध लाकर

(B) फूलों के रस की एक-एक बूँद एकत्र करके

(C) घूम-घूम कर पत्तियों से रस ग्रहण करके

(D) फूलों पर मंडरा कर

**90.** वैज्ञानिक खोजों के पीछे मूल क्या है ?

(A) कल्पना

(B) परिश्रम

(C) धन

(D) जिज्ञासा

*निर्देश (प्रश्न संख्या **91** से **95**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–3**

शंकरदेव असमिया नाटक तथा रंगमंच के जनक हैं । उन्होंने आज से लगभग पाँच सौ वर्ष पूर्व नाटक लिखने तथा मंचन करने की शुरुआत की, उस समय संस्कृत नाटक अपने उतार पर था तथा अन्य प्रांतीय भाषाओं अर्थात् उत्तर भारतीय भाषाओं में नियमित तथा विशिष्ट नाट्य साहित्य का विकास नहीं हुआ था । ऐसे में एक प्रश्न स्वाभाविक तौर पर उठाया जा सकता है कि मध्यकालीन भारत में प्रारंभिक दौर में शंकरदेव ने अपने स्तर पर नियमित रंगमंच तथा सम्पूर्ण लंबाई वाले नाटकों का लेखन किस तरह से किया ? कला के समग्र परिवेश के परिप्रेक्ष्य में भी यह सवाल अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है । अपनी एक रचना में शंकरदेव ने अपना परिचय देते हुए लिखा कि उनका संबंध एक गंधर्व कुल से रहा है तथा यह भी कि उनके पिता, कुसुम्बर अपने जमाने के प्रमुख गंधर्व रहे थे । गंधर्व पद का सीधा सा अर्थ है — गायक तथा संगीतविद् ।

**91.** शंकरदेव के समय संस्कृत नाटक की स्थिति थी

(A) चढ़ान पर

(B) उतार पर

(C) मध्यान पर

(D) इनमें से कोई नहीं

**92.** असमिया नाटक लेखन की शुरुआत मानी जाती है

(A) 1000 वर्ष पूर्व

(B) 1500 वर्ष पूर्व

(C) 200 वर्ष पूर्व

(D) 500 वर्ष पूर्व

**93.** कुसुम्बर कौन थे ?

(A) नाटककार

(B) चित्रकार

(C) गायक और संगीतविद्

(D) स्वर्णकार

**94.** शंकरदेव का समय है

(A) प्राचीन काल

(B) मध्यकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

**95.** असमिया रंगमंच के जनक हैं

(A) कुसुम्बर

(B) शंकरदेव

(C) गंधर्व

(D) माधव देव

*निर्देश (प्रश्न संख्या 96 से 100) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**गद्यांश–4**

1857 के विप्लव की जितनी सघन व्यापकता थी, अंग्रेज़ों ने उसे उतनी ही बर्बरता के साथ कुचल दिया था । उस विप्लव ने दोनों ही पक्षों को सोचने और अपने-अपने निष्कर्ष निकालने के लिए विवश भी कर दिया था । अंग्रेज़ों ने यह निष्कर्ष निकाला था कि भारतीयों की साम्प्रदायिक एकता और राष्ट्रीयता की भावना अंग्रेज़ी साम्राज्य के लिए खतरनाक होगी; अत: उनमें परस्पर फूट डालकर वैमनस्य की भावना भरने की नीति पर चलना होगा । भारतीयों ने विप्लव के परिणामों से यह निष्कर्ष प्राप्त किया था कि अंग्रेज़ों को भारत से बेदखल करने के लिए शस्त्र ही पर्याप्त नहीं हैं, शास्त्र भी जरूरी हैं । लिहाजा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों और राष्ट्रीय भावनाओं से परिपूरित करने के लिए अपनी भाषा में मिलने वाली शिक्षा की आवश्यकता है ।

**96.** 'बेदखल' का अर्थ है

(A) अधिकार च्युत

(B) अधिकार युक्त

(C) जला देना

(D) फूँक देना

**97.** भारतीयों ने विप्लव से क्या सीखा ?

(A) अंग्रेज़ों से तर्क से जीता जा सकता है ।

(B) अंग्रेज़ों से कूटनीति से जीता जा सकता है ।

(C) अंग्रेज़ों से लड़ने की आवश्यकता नहीं है ।

(D) अंग्रेज़ों से जीतने हेतु शस्त्र के साथ शास्त्र भी ज़रूरी हैं ।

**98.** राष्ट्रीय भावनाओं के विकास हेतु भारतीयों को क्या करना चाहिए ?

(A) अंग्रेज़ों के तौर तरीके अपनाने चाहिए ।

(B) अंग्रेज़ी भाषा का प्रचार-प्रसार करना चाहिए ।

(C) अपनी भाषा में शिक्षा देनी चाहिए ।

(D) स्वाभिमान का विकास किया जाना चाहिए ।

**99.** 1857 के विप्लव से अंग्रेज़ों ने क्या निष्कर्ष निकाला ?

(A) भारतीयों को आसानी से दबाया जा सकता है ।

(B) भारतीयों में फूट नहीं डाली जा सकती है ।

(C) भारतीयों की एकता और राष्ट्रीयता अंग्रेज़ों के लिए खतरा है ।

(D) भारतीयों के लिए सिर्फ शास्त्र ज़रूरी हैं ।

**100.** अंग्रेज़ी साम्राज्य के लिए खतरनाक थी

(A) साम्प्रदायिक एकता और राष्ट्रीय भावना

(B) वैमनस्य की भावना

(C) फूट की भावना

(D) कटुता की भावना

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK